Jagran

Haryana will recruit 3,000 employees in Transport

राज्य ब्यूरो, चंडीगढ़। प्रदेश के परिवहन विभाग में कर्मचारियों की कमी को दूर करने के लिए शीघ्र ही 3333 कर्मचारियों की भर्ती होगी। इनमें 1500 चालकों और 903 स्टोरमैन की भर्ती अनुबंध आधार पर की जाएगी। इसके अलावा 930 परिचालकों की नियमित भर्ती को स्वीकृति प्रदान की गई है। 20 नई वोल्वो सुपर लग्जरी बसें चलाने को भी मंजूरी प्रदान की जा चुकी है।

अनुबंध आधार पर पर रखे जाने वाले चालकों को 15 हजार रुपये मासिक मानदेय दिया जाएगा। इससे पहले सरकार द्वारा 413 चालकों की भर्ती अनुबंध पर की जा चुकी है, जिन्होंने ज्वाइन भी कर लिया है। परिचालकों की नियमित भर्ती करने के लिए हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग को लिखा जा चुका है।

परिवहन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि प्रदेश में शीघ्र 300 नई बसों को खरीदा जाएगा। मंत्री के अनुसार किसी भी चालक एवं परिचालक द्वारा उसके गांव के 25 किलोमीटर के दायरे में रात्रि ठहराव करने पर भी उन्हें रात्रि भत्ता देने के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया गया है।

इसके अलावा वर्ष 2016-19 ब्लॉक के लिए कर्मचारियों के एलटीसी जारी करने की प्रक्रिया चल रही है तथा कर्मचारियों को एक हजार रुपये वर्दी व एक हजार रुपये जूता भत्ता शीघ्र दे दिया जाएगा।

परिवहन मंत्री ने कहा कि कर्मचारियों द्वारा विभाग में वर्ष 2003 से कार्यरत करीब 8200 चालक व परिचालकों को नियमित करने की प्रमुख मांग को सरकार ने स्वीकार कर लिया है तथा राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) पर शीघ्र निर्णय लिया जाएगा। कर्मचारियों की मांग पर हमारी सरकार ने वर्ष 2013-14 का बोनस दे दिया है, जबकि वर्ष 2014-15 का बोनस भी शीघ्र अदा कर दिया जाएगा।